तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 23 .0 डिग्री से.

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

10 हर नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा....



10 एलिम्को बोर्ड बैठक में नवनियुक्त स्वतंत्र....



खबर संक्षेप

अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

जींद। एवीटी स्टाफ ने गांव गोबिंदपुरा के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। सदर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

एवीटी स्टाफकर्मी गांव गोबिंदपुरा के निकट गश्त कर रहे थे। उसी दौरान पुलिसकर्मियो को देखकर एक युवक छुपने की कोशिश करने लगा। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

एप डाउनलोड करना पड़ा महंगा, 80 हजार गायब

जींद। मोबाइल फोन पर टीवी का लिंक डाउनलोड करने करना मंहगा पड़ गया। व्यक्ति के खाते से 80 हजार रुपये गायब हो गए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। गांव खरकड़ा निवासी हरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है। उसने मोबाइल फोन पर टीवी की एड देखी थी। जिसने उसे डाउनलोड कर लिया। जिसके साथ एपीके फाइल डाउनलोड हो गई।

खाते से एक लाख गायब अज्ञात के खिलाफ केस

जींद। उपभोक्ता के खाते से एक लाख रुपये गायब होने पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। रामबीर कालोनी निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पीएनबी बैंक में खाता है। जिसके साथ उसका मोबाइल फोन जुड़ा हुआ है। गत 29 सितंबर को उसने अपने बैंक खाते को संभाला तो खाते से 90 हजार रुपये तथा दस हजार रुपये यूपीआईडी से ट्रांस्फर किए थे। जबकि उसने न तो कोई लिंक क्लिक किया और न ही कोई ओटीपी आया था।

अफीम सप्लाई मामले में सप्लायर गिरफ्तार

कैथल। एंटी एक्सटॉर्शन सैल कैथल प्रभारी एएसआई तरसेम कुमार की अगुवाई में के एसआई जसबीर सिंह की टीम द्वारा अफीम सप्लायर आरोपी गांव खरकां निवासी बबुराम को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी एक्सटॉर्शन सैल कैथल प्रभारी एएसआई तरसेम की टीम द्वारा 29 सितंबर को गांव नौच नहर पुल के पास आरोपी गांव नौच निवासी प्रवीण को काबू किया गया था। जिसके कब्जे में थैले से 1 किलो 167 ग्राम अफीम बरामद हुई थी।

मेडिकल स्टोर से 40 हजार उड़ाए

कैथल। फरल गांव में बाला सुंदरी मेडिकल स्टोर से दिनदहाड़े करीब 40 हजार रुपये चोरी हो गए। पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में मेडिकल स्टोर संचालक रवि कुमार ने बताया कि 26 सितंबर को दोपहर के समय बाला सुंदरी मेडिकल स्टोर पर चोरी हुई। अज्ञात व्यक्ति स्टोर से करीब 40 हजार रुपये नकद चोरी करके ले गया। घटना का पता चलने के बाद उन्होंने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। इसमें वारदात के आसपास अज्ञात दिखाई दे रहा है। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध है।

मारपीट व हत्या मामले में पांच आरोपी दबोचे

कैथल। थाना ढांड क्षेत्र के गांव बंदराना में 21 अगस्त को हुए आपसी लड़ाई-झगड़े में हत्या मामले में स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा 5 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गांव बंदराना निवासी रीटा की शिकायत अनुसार 21 अगस्त की शाम वह अपने घर का कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए जा रही थी। इसी दौरान गली में मौजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा उसके साथ गाली-गलौच की गई। विरोध करने पर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। शोर सुनकर उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया।

20 दिन में बननी थी सफीदों गेट से कुंदन सिनेमा तक सड़क, 52 दिन बाद भी नहीं बनी

सफीदों गेट पर दुकानदारों ने लगाया जाम जिला प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

रास्ता बंद होने के कारण सड़क पर दोनों तरफ लगभग 200 दुकानदारों का काम ठप

एक्सइएन पीडब्ल्यूडी ने दो दिन में रास्ता खोलने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों गेट दुकानदारों ने शुक्रवार को सफीदों गेट से कुंदन सिनेमा तक सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर जाम लगा दिया। जाम लगाए दुकानदारों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दुकानदारों का कहना था कि सफीदों गेट से कुंदन सिनेमा तक सीसी की बन रही है। इस सड़क को 20 दिन में बनना था लेकिन 52 दिन बीत जाने के बाद भी सड़क पूरी नही हो सकी है। 52 दिन से रास्ता बंद होने के कारण इस सड़क पर दोनों तरफ लगभग 200 दुकानदारों का काम ठप है। जा लगने की सूचना मिलने पर पुलिस ने पीडब्ल्यूडबी विभाग के एक्सईएन राजकुमार नैन मौके पर पहुंचे और समस्या के निदान का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।





जींद। सफीदों गेट के निकट जाम लगाए दुकानदार व सड़क का मुआयना करते पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के एक्सईएन राजकुमार नैन। फोटो :हरिभूमि

लगभग दो घंटे तक लगे जाम जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सफीदों रोड सड़क के निर्माण में हो रही देरी को लेकर शुक्रवार को दुकानदारों का गुस्सा फूट गया। दुकानदारों ने सफीदों गेट पर माता मंदिर के सामने जाम लगा दिया। दुकानदारों ने बताया कि विभाग के अधिकारियों व ठेकेदार ने उनहें 20 दिन में काम पूरा होने की बात कही थी। अब 52 दिन से रास्ता बंद होने के कारण उनकी दुकानदारी चौपट हो चुकी है। दुकानदारों ने लगभग एक महीना इंतजार किया। इसके बाद वह परेशान होने लगे। उन्होंने डीसी डा. वैशाली शर्मा से समाधान शिविर में बात की। डीसी ने लोक निर्माण विभाग और जन स्वास्थ्य विभाग से तुरंत रिपोर्ट मांगी लेकिन इसके बाद भी मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद दुकानदारों ने अपना दुखड़ा डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के समक्ष भी रोया लेकिन उसके बावजूद भी काम में तेजी नहीं आई। लोक निर्माण विभाग के तो इन दुकानदारों ने कई बार चक्कर भी काटे, हर बार केवल आश्वासन ही मिला। शुक्रवार को दुकानदारों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने सड़क की पुरानी परत उखाड़ते समय 20 दिन में नई सड़क बना कर रास्ता खोलने का भरोसा दिया थाए लेकिन 52 दिन बाद भी सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। हालत यह है कि निर्माण कार्य कई दिनों से बंद पड़ा है।



जाम में फंसी बस

सड़क उखाड़े जाने के बाद से उनकी दुकानों तक ग्राहकों का पहुंचना मुश्किल हो गया है। इससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कई दुकानदारों के सामने बैंक की किश्तें भरने तक का संकट खड़ा हो गया है। दुकानदारों के मुताबिक सफीदों रोड के साथ पीछे बनी कालोनियों में रहने वाले लोगों के लिए भी आने-जाने का रास्ता प्रभावित हो गया है। रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब जब अधिकारियों से समाधान नहीं मिला तो मजबूर होकर उन्हें सड़क पर उतरकर जाम लगाना पड़ा।

जैसे-जैसे सड़क बनेगी बेरिकेटिंग करेंगे आगे

पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के एक्सईएन राजकुमार नैन ने बताया कि सफीदों रोड पर माता मंदिर की तरफ से जो बेरिकेटिंग की गई है, उसे हटा कर आगे लगा देंगे। जैसे-जैसे सड़क बनती रहेगी, बेरिकेटिंग को आगे बढाया जाता रहेगा। दुकानदारों व जनता को किसी तरह की परेशानी नही आने दी जाएगी। इसके साथ ही बरम की जो समस्या है, उसे तीन दिन में हल करवा दिया जाएगा। सीवर की समस्या को भी दूर किया गया है। जो मेन होल हटाए हैं, उन्हें भी समय से पहले पूरा किया जाएगा। आगामी 15 दिनों में सड़क को पूर्ण रूप से चालू कर देंगे।

छापेमारी में मकान से 11 पेटी चटर-पटर पटाखे मिले

कैथल। फरल गांव में एक मकान में छापा मारकर मकान के एक कमरे और बरामदे से 11 पेटी चटर-पटर पटाखे बरामद हुए। इनका कुल वजन 164 किलो 800 ग्राम निकला। पुलिस ने पटाखे कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार एचसी बलकार सिंह फरल गुरुद्वारा चौक के पास गश्त पर थे।

- पुलिस ने पटाखों को कब्जे में लिया

इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बाहरी निवासी चेतन, फरल निवासी ऋषिपाल के मकान में अवैध रूप से चटर-पटर पटाखे बनाने का काम करता है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए एसआई ईश्वर ने पुलिस टीम तैयार की और फायर ब्रिगेड कैथल के निरीक्षक राजपाल को भी मौके पर बुलाया। पुलिस टीम जब ऋषिपाल के मकान पर पहुंची तो वहां विषपाल निवासी फरल मिला। उसे कार्रवाई में शामिल करने के बाद मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान एक कमरे से चार पेटियां और बरामदे से सात पेटियां बरामद हुईं। पुलिस ने सभी पेटियों का वजन कराया तो इनमें 164 किलो 800 ग्राम चटर-पटर पटाखे पाए गए। बरामदगी की सूची तैयार कर पुलिस ने पटाखों को कब्जे में ले लिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान चेतन मौके पर नहीं मिला। वर्जन डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि चेतन सिंह निवासी बाहरी, थाना असंध, जिला करनाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

- होटल में चौकीदार का कार्य करता था पूर्ण सिंह, घर लौटते समय हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव पिंडारा के निकट तेजरफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक होटल में चौकीदार का कार्य करता था। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पिंडारा निवासी पूर्ण सिंह (50) गोहाना रोड पर होटल में चौकीदार के तौर पर कार्य करता था। गत 28 सितंबर को सुबह पूर्ण सिंह होटल से स्कूटी पर सवार हो कर



घर लौट रहा था। गांव के निकट ही गोहाना रोड पर तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी थी। जिसमें पूर्ण सिह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक ट्रक को मौके पर छोड़ कर फरार हो गया। परिजनों ने पूर्ण सिंह नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालात गंभीर देखते हुए पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया था। जहां पर उपचार के दौरान गुरूवार को पूर्ण सिह की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी रमेश देवी की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी राजबीर ने बताया कि मृतक की पत्नी की शिकायत पर फरार ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

बेलरखा के पास गोली लगने से युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव बेलरखा की निकट शुक्रवार देर शाम को कार सवार लोगों द्वारा किए गए पर फायर में गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए नागरिक हॉस्पिटल नरवाना में भर्ती करवाया गया है। घायल युवा को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है । सदर थाना नरवाना पुलिस तथा सीआईए स्टाफ नरवाना मामले की जांच कर रही है। गांव बेलरखा निवासी अजय 26 को कुछ लोगों ने शुक्रवार देर शाम को गांव से बाहर बातचीत के लिए बुलाया था। किसी बात को लेकर कहा सुनी के चलते कर सवार लोगों ने अजय पर फायर



- गांव बेलरखा निवासी अजय 26 को कुछ लोगों ने शुक्रवार देर शाम को गांव से बाहर बातचीत के लिए बुलाया था
- घटना को अंजाम देकर कार सवार लोग फरार हो गए

जींद। गोली लगने से घायल अजय अस्पताल में उपचार के दौरान।

कर दिया । गोली अजय के पेट के साइड में जा लगी। घटना को अंजाम देकर कार सवार लोग फरार हो गए । जिस में वारदात को अंजाम दिया गया उस कर पर राजस्थान नंबर की प्लेट लगी हुई थी। और रास्ते से गुजरने वाले लोगों ने अजय को नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचा तथा घटना की सूचना पुलिस को दी !जब तक सदर थाना नरवाना पुलिस तथा सीआईए स्टाफ की टीम मौके पर पहुंचती; तब तक फायर करने वाले लोग फरार हो चुके थे।

मेडिकल कॉलेज रेफर

फिलहाल घायल अजय को नागरिक अस्पताल नरवाना में भर्ती करवाया गया है । फिलहाल यह खुलासा नहीं हो पाया कि अजय पर फायर करने वाले लोग कौन थे घायल अजय पर नोट दुगने करने के मामले भी अलग-अलग जिलों में दर्ज हैं । फिलहाल मामले को उन्हें मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है । सदर थाना नरवाना पुलिस तथा सीआईए स्टाफ नरवाना इलाके की नाकेबंदी कर फायर करने वाले कार सवार लोगों कीतलाशी अभियान जारी रखे हुए हैं । घायल अजय को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

बेटे को केस से छुड़ाने के नाम पर ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

साइबर थाना पुलिस ने बेटे को क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े जाने तथा उसे केस से छुड़ाने के नाम पर एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से पांच हजार रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। साइबर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह ने बताया कि गांव रूपगढ़ निवासी सुरेंद्र ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक व्हाट्सअप कॉल आई और कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे बताया कि उसके बेटे के किसी दोस्त ने उसके बेटे का मोबाइल फोन इस्तेमाल किया है और क्राइम ब्रांच ने उसके बेटे को भी पकड़ लिया है। आरोपित ने उसके बेटे को केस से छुड़ाने के नाम पर एक लाख रुपये की मांग की। आरोपितों ने उसको दो अलग-अलग मोबाइल नंबरों पर 50-50 हजार ट्रांसफर करने के लिए कहा। घबराहट में आकर बताए गए दोनों नंबरों पर फोन पे के माध्यम से कुल एक लाख ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जब उसने अपने बेटे से बात करवाने के लिए कहा तो उन्होंने एक व्यक्ति से बात करवाई। आवाज सुन कर उसको संदेह हुआ कि वह उसके बेटे की आवाज नही है।

ढांड में ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, दो वर्षीय बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

- घायल बच्ची को पीजीआई चंडीगढ़ किया रेफर

गांव ढांड में शुक्रवार सुबह करीब छह से सात बजे के बीच नाइस होटल के पास सड़क पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार, सड़क पर सुबह सैर के लिए निकली महिला और उसके साथ मौजूद बच्चों को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब दो वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। बच्ची की एक टांग में गंभीर चोट आने के कारण उसे उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। ढांड थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर बहादुर सिंह और जांच अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि मृतका की पहचान पूजा रानी पत्नी भरत उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हादसे के समय पूजा रानी अपनी करीब दो वर्षीय बेटी तथा करीब 12 वर्षीय एक अन्य बच्ची के साथ सुबह सैर के लिए निकली थी। इसी दौरान कुरुक्षेत्र की ओर से आ रहे ट्रक ने पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूजा रानी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी करीब दो वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक ट्रक राजस्थान नंबर का बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा हादसे के संबंध में कार्रवाई की जा रही है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है।

महिला ने फंदा लगा कर दी जान पति समेत आठ के खिलाफ केस

- ससुरालीजनों पर मारपीट करने तथा परेशान करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरि नगर नरवाना में महिला द्वारा संदिग्ध हालात में फांसी लगा कर जान देने दे दी। शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृतका की मां की शिकायत पर पति समेत आठ लोगों के आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरि नगर निवासी पवन की पत्नी रजनी (28) ने बीती शाम को संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। ससुरालीजन जब मृतका के शव का अतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे थे तो उसी दौरान सूचना पाकर मृतका मायका पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को मौके पर बुला लिया। मृतका की मां कुरुक्षेत्र निवासी सरोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी रजनी की शादी लगभग दस साल पहले पवन के साथ हुई थी। शादी के बाद से पति पवन तथा उसके परिजन रजनी को परेशान करते थे। अक्सर उसके मारपीट करते थे। गत दिवस दिन में भी रजनी के साथ मारपीट की गई थी। जिससे परेशान होकर उसकी बेटी रजनी ने फांसी लगा ली।

जुलाना मार्केट कमेटी परिसर में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई

कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया

भाजपा कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़, प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान जरूरी : बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना की मार्केट कमेटी परिसर में शुक्रवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली मुख्य रूप से पहुंचे। इस दौरान हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन कैप्टन योगेश बैरागी, जिला प्रभारी अशोक गुर्जर तथा भाजपा जिला महामंत्री



डा. पुष्पा तायल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं उनके योगदान को याद किया गया। इसके साथ ही भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल के जन्मदिन के अवसर पर मोहन लाल बड़ौली ने केक कटवा कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है। कोई भी कार्यकर्ता स्वयं को छोटा न समझे। क्योंकि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के प्रति समर्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया। कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की एकजुटता संगठन को मजबूत बनाए हुए है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

ये रहे मौजूद

भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के आधार पर प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं और उन्होंने 2029 में भी भाजपा की सरकार बनने की बात कही। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन मीनू शर्मा, वाइस चेयरमैन परवीन कश्यप, नगरपालिका वाइस चेयरमैन पवन सैनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

साइबर ठगों ने ढांड के व्यक्ति से 2.76 लाख ठगे, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साइबर ठगों ने ढांड के एक व्यक्ति से एपीके फाइल के माध्यम से 2.76 लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस को दी शिकायत में नई अजान मंडी ढांड निवासी अनिल कुमार ने बताया कि जनरल स्टोर चलाता हैं। उनकी माता कांता देवी लंबे समय से एलर्जी की बीमारी से पीड़ित हैं। 27 सितंबर को वह उनका इलाज करवाने के लिए जिंदल स्कीन अस्पताल का संपर्क नंबर गूगल पर खोज रहे थे। इस दौरान उन्हें 6294963780 नंबर मिला। उन्होंने इस नंबर पर फोन किया, लेकिन कॉल नहीं लगी। कुछ देर बाद इसी नंबर से उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने पूछा कि उन्होंने किस काम के लिए फोन किया था। उसने मां के इलाज के लिए पंजीकरण करवाने की बात कही। इसके बाद आरोपी ने खुद को अस्पताल से जुड़ा व्यक्ति बताते हुए एक एपीके फाइल भेजी और उसमें जानकारी भरकर पांच रुपये ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। अनिल के अनुसार उन्होंने आरोपी के कहने पर एपीके फाइल में अपनी जानकारी भर दी। इसके बाद गूगल पे से पांच रुपये भेजने का प्रयास किया, लेकिन रकम खाते से नहीं कटी।

खबर संक्षेप

अतिरिक्त मंडी में पीआर धान के गेट पास कटने शुरू

उचाना। हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में पीआर धान के गेट पास काटे जाने की आढ़तियों एवं किसानों की मांग पूरी हो गई है। अब किसान हाइवे स्थित अतिरिक्त मंडी में अपनी पीआर धान की फसल लेकर आ सकेंगे। गुरुवार शाम से पोर्टल के माध्यम से अतिरिक्त मंडी के पीआर धान के गेट पास कटने शुरू हो गए हैं।

पत्रकार वार्ता में मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने बताया कि दो दिन पहले अतिरिक्त मंडी में पीआर धान की खरीद शुरू करवाने पहुंचे विधायक देवेंद्र अत्री के समक्ष आढ़तियों और किसानों ने मंडी में पीआर धान के गेट पास काटे जाने की मांग रखी थी।

जिलेभर में कल मनाया जाएगा योग उत्सव

जींद। भारतीय योग संस्थान की ओर से चार अक्टूबर को जिले के विभिन्न जोनों में योग उत्सव का आयोजन किया जाएगा। योग उत्सव के माध्यम से लोगों को नियमित योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रमों को लेकर संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। तैयारियों को लेकर रेलवे स्टेशन पार्क में संस्थान की कोर कमेटी और साधकों की बैठक हुई। बैठक में जोन प्रधान हितेश पांचाल, जिला प्रधान श्यामलाल, जिला उपप्रधान वीरेंद्र गोयल, कोषाध्यक्ष बिच्छा राम मौजूद थे।

इनेलो नेत्री कांता चौटाला का किया भव्य स्वागत

नरवाना। इनेलो नेत्री कांता सिंह चौटाला रेस्ट हाउस नरवाना में पहुंची जहां पर इनेलो कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और उन्होंने कहा कि आने वाला समय इंडियन नेशनल लोकदल का होगा अभय सिंह चौटाला प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे, क्योंकि इनेलो की चौधरी देवीलाल की जयंती पर नूंह की रैली में जो प्यार और आशीर्वाद दिया इसके लिए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया फिर उसके बाद कांता चौटाला गांव खरल बरटा और कोयल,में कार्यकर्ताओं के दुख सुख में शामिल हुई।

पीपीपी में पारिवारिक विवरणों का सत्यापन

जींद। ग्राम पंचायत जामनी में परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय एवं अन्य पारिवारिक विवरणों के सत्यापन के लिए आय सत्यापन शिविर एवं ग्राम सभा का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंच कर अपने परिवार पहचान पत्र में दर्ज जानकारी की जांच करवाई। इस दौरान आय अथवा अन्य विवरणों में त्रुटि पाए जाने वाले परिवारों को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर रिकॉर्ड दुरुस्त करवाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। शिविर में पीपीपी से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन

जींद। वरिष्ठ नागरिक परिषद् जींद द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्यअतिथि सुरेंद्र मोर को पैट्रन इन चीफ कर्नल सुबे सिंह ढांडा व प्रधान बूटा सिंह पूनिया द्वारा स्वागत किया गया। परिषद् प्रधान द्वारा स्टेज पर मुख्यअतिथि का परिचय करवाया गया और उनके सामाजिक कार्यों के प्रति झुकाव पर प्रकाश डालते उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया गया। समारोह में 22 अति वृद्ध स्त्री व पुरूषों को प्रति सदस्य सम्मान देय राशि के साथ एक शाल, चद्दर और छड़ी दी गई।

सम्मेलन में महिलाओं की होगी विशेष भागीदारी

जींद। प्रदेश कांग्रेस की सदस्य एवं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष लाजवंती ढिल्लों ने बताया कि आज उचाना स्थित राजीव गांधी कालेज में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस सम्मेलन होगा सम्मेलन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। सम्मेलन में महिलाओं की विशेष एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लाजवंती ढिल्लों ने बताया कि सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह शिरकत करेंगे।

महात्मा गांधी जयंती पर लघु सचिवालय व बस अड्डे पर चलाया स्वच्छता अभियान

हर नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए: सुशील

स्वच्छता ही सेवा व स्वच्छ भारत मिशन शहरी 200 के तहत नप ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा लघु सचिवालय परिसर तथा बस अड्डा परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत आयोजित किया गया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील भुक्कल की अगुवाई में चलाए गए इस विशेष सफाई अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों एवं नगर परिषद की टीम ने दोनों परिसरों में व्यापक स्तर पर साफ-सफाई की। परिसर में पड़े कूड़े व कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निपटान करवाया गया तथा लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। ईओ सुशील भुक्कल ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते देशवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया था। उनकी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाना उनके स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या कर्मचारी की जिम्मेदारी नही है बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा शहर के सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाए रखना है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने घरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें और कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें। इस दौरान नगर परिषद की टीम ने लघु सचिवालय परिसर एवं बस अड्डा परिसर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ-साथ लोगों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग रखने, खुले में कूड़ा न डालने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के प्रति भी जागरूक किया।



जींद। बस अड्डा में स्वच्छता अभियान चलाए हुए नप कर्मचारी।



नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

नागरिकों की भागीदारी आवश्यक

नगर परिषद अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ शहर बनाने के लिए नियमित सफाई के साथ-साथ नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। यदि प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए तो शहर को स्वच्छ सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के तहत शहर में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलों की सफाई, कचरा प्रबंधन, स्वच्छता जागरूकता तथा नागरिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया जा रहा है। महात्मा गांधी जयंती पर आयोजित यह अभियान भी इसी कड़ी का हिस्सा रहा। इस अवसर पर सफाई निरीक्षक नीलम रानी, बिजेंद्र दरोगा, सोहनलाल दरोगा व स्वच्छता सैनिक उपस्थित रहे।

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में जीके क्विज का आयोजन

नरवाना। शिक्षा भारती मॉडल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान एवं जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से जीके क्विज का आयोजन किया गया। क्विज के दौरान विद्यार्थियों से महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री, स्वतंत्रता आंदोलन, राष्ट्रीय पर्व एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी, प्री-नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों ने भी विशेष गतिविधियों में भाग लिया। बच्चे महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की वेशभूषा में विद्यालय आए। विद्यार्थियों ने चूड़ियों एवं अन्य उपलब्ध सामग्री की सहायता से गांधी जी के चश्मे का मॉडल बनाने की रचनात्मक गतिविधि भी की। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन से परिचित करवाया गया।



महात्मा गांधी को नमन करते जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार व अन्य।

प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

जींद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित करते उनके जीवनए विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी, स्वच्छता और मानव सेवा के प्रति समर्पित रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को एकजुट करने का कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज और राष्ट्र के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला माना था। उनका मानना था कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नही बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।



उचाना। शिविर में बीपी की जांच करवाते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

104 की जांच, 64 ने फिजियोथैरेपी का लिया लाभ

उचाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत लितानी रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शुक्रवार को मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। जींद हार्ट अस्पताल के पैनल से पहुंची डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। शिविर में कुल 104 मरीज पहुंचे, जबकि 64 मरीजों ने फिजियोथैरेपी की सुविधा का लाभ उठाया। शिविर में मरीजों की जांच के साथ उन्हें आवश्यक दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। इस दौरान ईसीजी, शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके जीवन और देश के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। विधायक ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो मरीज अस्पताल जाकर अपना उपचार करवाने में असमर्थ हैं, उनकी सुविधा को देखते हार्ट अस्पताल की पूरी टीम को शिविर में बुलाया , ताकि उन्हें क्षेत्र में ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा मिल सके।

धूमधाम से मनाया जल अर्पण दिवस

जींद। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस के अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जींद व जल एवं स्वछता सहायक संगठन टीम द्वारा गांव श्रीराग खेड़ा जींद में विशेष ग्राम सभा एवं जल अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर कार्यकारी अभियंता भानु प्रकाश शर्मा, उपमंडल अभियंता रणबीर सिंह, सरपंच जितेंद्र, जिला सलाहकार रणधीर मताना आदि मौजूद रहे। राग खेड़ा कार्येम के दौरान गांव के ट्यूबवेल परिसर में जल अर्पण कर जल स्रोतों के संरक्षण एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता के प्रति लोगों को जागरूक किया। ग्राम सभा में ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, हर घर नल से जल की उपलब्धता, जल संरक्षण, जल स्रोतों की स्वच्छता तथा पेयजल योजनाओं के उचित संचालन एवं रखरखाव के संबंध में जानकारी दी गई।



जींद। डीएन मॉडल स्कूल में महात्मा गांधी जयंती पर कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

सत्य, अहिंसा का संदेश लेकर मनाई गांधी जयंती

जींद। डीएन मॉडल स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई । विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को गांधी जी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सादगी के आदर्शों से परिचित करवाया गया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा निकाली गई दांडी यात्रा रही। गांधी जी के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन की झलक प्रस्तुत करते बच्चों ने दांडी यात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। गांधी जी के रूप में सजे बच्चों और उनकी मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को गांधी जी के ऐतिहासिक आंदोलनों एवं स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण प्रसंगों से रूबरू करवाया गया। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचारों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रख कर अपने व्यवहार और दैनिक जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी: डॉ. पूनम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिंदू कन्या कालेज में एनएसएस ईकाई ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा विषय पर एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी क्रांति ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डा. पूनम मोर ने की। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते कहा कि स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी है। छात्राओं को स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में 59 एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। स्वयंसेविकाओं ने अभियान चला कर कालेज की साफ-सफाई की। स्वयंसेविकाओं ने प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाए रखने की शपथ ली स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। प्रतिभा उत्सव के दौरान स्वयंसेविकाओं ने अनुशासन बनाए रखते कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। छात्राओं को प्लास्टिक मुक्त परिसर रखने, स्वच्छता अपनाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया । स्वयंसेविकाओं ने संयोजक समिति के साथ मिल कर कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में मदद की।



जींद। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाए हुए छात्राएं।

निगम के विस्तार और दिव्यांगजन कल्याण पर सकारात्मक चर्चा

एलिम्को बोर्ड बैठक में नवनियुक्त स्वतंत्र निदेशक इंद्र सिंह बैरागी का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के मुख्यालय में आयोजित हुई उच्च स्तरीय मंडल बैठक में नवनियुक्त स्वतंत्र निदेशक इंद्र सिंह बैरागी का भव्य स्वागत किया गया। बैठक के प्रारंभ में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रबंधन की ओर से परवीन कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के तहत नियुक्त होकर आए स्वतंत्र निदेशक इंद्र सिंह बैरागी को बुक्के भेंट कर बोर्ड में उनका आधिकारिक स्वागत व अभिनंदन किया। अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान स्वतंत्र निदेशक इंद्र सिंह बैरागी ने बोर्ड के सभी सम्मानित सदस्यों और प्रबंधन का आभार व्यक्त किया और मंत्रालय द्वारा नामित निदेशक भारत सरकार दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में अतिरिक्त सचिव वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मनमीत कौर नंदा के मार्गदर्शन दर्शन और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने एक कुशल राजनेता और अनुभवी संगठनकर्ता की गरिमा के साथ कहा मेरा यहा आना संगठन और सरकार के एक विशेष सामाजिक उद्देश्य के तहत हुआ है। मैं यहां निगम के प्रशासनिक अनुभवों से सीखने और आपके प्यार, प्रेम व सहयोग के साथ आगे बढने आया हूं। यह कार्यकाल मेरे लिए एक परीक्षा और प्रशिक्षण दोनों की तरह है, जहां हमारा सामूहिक लक्ष्य केवल और केवल निगम की कार्यकुशलता को बढ़ाना और अंतिम पायदान पर खड़े दिव्यांगजनों का वास्तविक कल्याण करना है। बैठक के दौरान बैरागी ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण उपक्रम को देश के शीर्ष स्तर पर स्थापित रखने का असली श्रेय यहां की स्थायी सरकार यानी निगम के कर्मठ अधिकारियों और प्रबंधन को जाता है। उन्होंने एक प्रवासी निदेशक के रूप में पूरा श्रेय प्रबंधन को देते हुए भविष्य में निगम के विकास के लिए हर संभव नीतिगत मार्गदर्शन देने का भरोसा जताया।



जींद। इंद्र सिंह बैरागी का स्वागत करते हुए। फोटो :हरिभूमि

खबर संक्षेप

निःशुल्क एआई प्रशिक्षण शिविर का समापन

जुलाना। कस्बे के जेबीएम कॉलेज में 15 दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण शिविर का प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में प्रशिक्षण पूरा करने वाले 200 से अधिक प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिविर की पहल हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के चेयरमैन एवं पूर्व प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी द्वारा महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के सहयोग से की। कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गुर्जर मुख्य अतिथि रहे। जबकि कैप्टन योगेश बैरागी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समारोह की शुरुआत महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर की । पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते पौधारोपण भी किया गया। अशोक ने कहा कि वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल तकनीक का है।

विश्व वृद्धजन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नरवाना। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में वाल्मीकि चौपाल, दनौदा कलां में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दनौदा कलां द्वारा वृद्धजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीरू शर्मा ने उपस्थित वृद्धजनों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. नीरू शर्मा ने वृद्धावस्था में होने वाली सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या, योग एवं प्राणायाम, पर्याप्त नींद तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वृद्धजनों को चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नियमित रूप से लेने तथा रक्तचाप और रक्त शर्करा की समय-समय पर जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। आयुर्वेद के अनुसार स्वस्थ जीवनशैली, उचित आहार-विहार एवं दिनचर्या अपनाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ, सक्रिय एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना रहा।

बुजुर्गों की दौड़ में रतना शांडिल्य ने पाया पहला स्थान

जींद। गांव बराह कलां स्थित वराह भगवान तीर्थ में बुजुर्गों के लिए विशेष बुजुर्गों की दौड़ का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गांव के बड़ी संख्या में वृद्धजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनमें उत्साह और सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में रतना शांडिल्य ने प्रथम, सियाराम गौतम ने द्वितीय तथा शेरसिंह सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। विजेताओं को वराह भगवान तीर्थ के महंत उमेश गिरी जी ने सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मनीष जय हिंद ने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं और उनके सम्मान एवं स्वस्थ जीवन के लिए इस तरह के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन गौतम, संदीप शांडिल्य, विजय गौतम, सुनील आदि का सहयोग रहा है।

दाखिले में आर्थिक परेशानी पर विधायक ने की मदद

उचाना। उचाना हलके के अलेवा निवासी रोहताश की बेटी बीएससी नर्सिंग का कोर्स करना चाहती थी, लेकिन पिछले कुछ महीनों से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हिसार में उसका दाखिला करवाने में फीस की कमी आड़े आ रही थी। परिवार की इस परेशानी की जानकारी उचाना के विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री को मिली तो उन्होंने अपनी तरफ से आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाते हुए बेटी का दाखिला करवाने में मदद की। रोहताश ने बताया कि उसकी बेटी का हिसार में बीएससी नर्सिंग में दाखिला होना था। आर्थिक परेशानी के चलते जब उसने विधायक से मुलाकात कर समस्या बताई तो विधायक ने तुरंत मदद करते फीस में जितनी राशि की कमी थी, उतनी राशि उपलब्ध करवाई। विधायक की मदद से अब उसकी बेटी पढ़ाई जारी रखते नर्सिंग का कोर्स कर सकेगी। पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी विनोद शर्मा ने कहा कि विधायक देवेंद्र अत्री निरंतर जरूरतमंद परिवारों का सहारा बन रहे हैं।

भाषण प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम, अंजलि द्वितीय

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद एवं राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को संयुक्त रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने की। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी अधिकारी नसीब सिंह खटकड़ ने कुशलतापूर्वक किया। प्रधानाचार्य ने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, वहीं शास्त्री ने जय जवान-जय किसान का नारा देकर देश को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें प्रथम स्थान सोनिया सेविंग टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट वूमेन आईटीआई जींद रही। द्वितीय स्थान पर अंजलि व तृतीय स्थान पर अनुज इलेक्ट्रोनिक मैकेनिक गवर्नमेंट आईटीआई जींद रहे।

अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया

नरवाना। एसडी महिला महाविद्यालय, नरवाना में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एनसीसी एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया खेल सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ, सक्रिय एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस अवसर पर एन सी सी व शारीरिक विभाग की छात्राओं के लिए खो-खो खेल का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का परिचय दिया। इसके साथ ही साइकिल रैली का आयोजन भी किया गया। छात्राओं ने रैली में उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस, स्वास्थ्य का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंजना लोहान ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियां स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए आवश्यक हैं। छात्राओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

दौड़ में बीकॉम प्रथम वर्ष के छात्र रोहित अव्वल

नरवाना। राजीव गाँधी सनातन धर्म सह-शिक्षा महाविद्यालय, नरवाना में सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फिट इंडिया खेल सत्र का आयोजन किया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने, नियमित व्यायाम करने तथा खेलों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न शारीरिक एवं खेलकूद गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र रोहित ने प्रथम, आकाश ने द्वितीय तथा साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी गई।कार्यक्रम का आयोजन इतिहास प्रवक्ता एवं एन.एस.एस. प्रभारी संजय कुमार तथा अंग्रेजी प्रवक्ता मोहित आर्य के मार्गदर्शन में किया । विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है।

कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए: डॉ. राजेंद्र

जींद। सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने शुक्रवार को गांधी जयंती के उपलक्ष में महात्मा गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। गांधी जी की प्रतिमा पर फूल अर्पित किए गए। सेव संस्था द्वारा चलाया गया 482वां अभियान सेव संस्था के वरिष्ठ साथी डा. राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। यह स्वच्छता अभियान गांधी जी को सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया गया। आज के दिन अभियान चला कर लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हम सभी ने स्वच्छता में अपना सहयोग देना चाहिए। हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डाल कर रखना चाहिए। तभी स्वच्छता संभव है। गांधी जी का स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर आदमी अपना सहयोग स्वच्छता में देखा। कूड़ा डस्टबिन में नहीं डालना ही हमारी सबसे बड़ी गलती। जब तक हर आदमी कूड़ा डस्टबिन में डाल कर नहीं रखेगा और वह डस्टबिन नप वाली गाड़ी को नहीं देगा तब तक स्वच्छता नहीं रह सकती।

विभिन्न गांवों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ

जींद। सेवा संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जिला के विभिन्न गांवों की आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरियावाला सर्कल में कार्यक्रम के आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर डा. सीमा ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की और आंगनवाड़ी केंद्र में एकत्रित महिलाओं को अभियान के तहत करवाए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कार्यक्रम में सुपरवाइजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों और अभिभावकों के साथ विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों में पेड़ व पौधों और मिट्टी कलां से आकृतियों के महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी तथा सैनिटाइजेशन के प्रति जागरूक किया गया।

प्लाट धारक कमेटी बड़नपुर की वार्षिक बैठक कल

नरवाना। गांव बडनपुर में चार अक्टूबर को प्रधानमंत्री आवास योजना प्लाट धारक कमेटी की वार्षिक बैठक सर्वजातीय इंकलाब चबुतरे पर की जाएगी। पूर्व सरपंच डा. जोगिन्द्र बडनपुर ने बताया कि गांव की 36 बिरादरी के 210 प्लाट जो हरियाणा सरकार द्वारा दिए गए हैं उन प्लाटों में मूलभूत सुविधाओं को लेकर बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा। कहा कि पक्की गलियां, पानी की सुविधा, बिजली की सुविधा व सभी प्लाटों पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत अलॉट ग्रांट कालोनियां बनाई जाए ताकि सभी 36 बिरादरी के लोगों को आवासीय व मूलभूत सुविधाएं मिल सके। मंच अनिल ने बताया कि बैठक में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ जो योजना हरियाणा सरकार द्वारा पिछले वर्ष शुरू की है कि गांव में गरीब परिवार को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे लेकिन उचाना ब्लॉक के कुछ गांव योजना में शामिल नहीं है इसको लेकर एसडीएम उचाना को ज्ञापन दिया जाएगा।

खबर संक्षेप

21 किलो गांजा फूल पत्ती सप्लाई मामले में दो काबू

कैथल। सीआईए-1 पुलिस द्वारा दो गांजा सप्लाई करने वाले आरोपियों को भी काबू किया है। एसआई जयभगवान की टीम द्वारा आरोपी गांव बांसा जिला करनाल निवासी सोमनाथ तथा गांव नुरूखेड़ी निवासी राजेंद्र को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 29 सितंबर को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई गुरदान सिंह की टीम द्वारा गांव बरटा से गांव गलौली जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी दौरान आरोपी गांव रेवर जिला जींद निवासी टींकू को काबू किया गया था। जिसके कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 21 किलो गांजा फूल पत्ती बरामद हुई थी।

गांव बलबेहड़ा में बुजुर्गों को किया सम्मानित

कैथल। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में जिला समाज कल्याण विभाग कैथल द्वारा सनातन धर्म वृद्ध आश्रम कैथल तथा गांव बलबेहड़ा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धजनों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके लिए संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेन्द्र श्योकंद ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और जीवनभर के योगदान का सम्मान करना सभी का दायित्व है। विभाग द्वारा वृद्धजनों को सामाजिक सुरक्षा एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

फतेहपुर-पूंडरी की सड़कों पर झाड़ू लेकर उतरे विधायक

हलके में तेज गति से करवाए जा रहे विकास कार्य : सतपाल जांबा

हम सब मिलकर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि महात्मा गांधी जयंती पर फतेहपुर देवी मंदिर से शुरू होकर इंडोर स्टेडियम तक स्वच्छता का अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सफाई विषय हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए हमें अपने घरों, आसपास के क्षेत्रों को हमेशा साफ रखना चाहिए। सफाई रहेगी तो बीमारियां फैलने पर रोक लगेगी और हम सबका शरीर स्वस्थ रहेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी लगातार नागरिकों को स्वच्छता के बारे में स्वयं भागीदार बनते हुए संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर 2047 में भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे।

विधायक सतपाल जांबा ने सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा पूंडरी हलके के गांव जांबा से शुरू होगी। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इस यात्रा में जरूर भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पूंडरी हलके में अनेक विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, अनेक विकास कार्य चल रहे हैं और भविष्य के लिए अच्छा शहर और अच्छा गांव बनाने के लिए प्लानिंग बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि फतेहपुर गांव महाग्राम योजना के अंतर्गत आया हुई है, इसके अंतर्गत 40 करोड़ रुपये का यह विकास प्रोजेक्ट चल रहा है। सभी गलियों में सीवरेज बिछाई जानी है और अन्य कार्य होने हैं, एक बार असुविधा होती है। अगले बजट में लगभग 3 करोड़ रुपये गलियों के दुरुस्तीकरण के लिए आ गए हैं, जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। नागरिकों को असुविधा को लेकर कारण को समझना चाहिए। साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से सड़क बनाई गई है और अब आगे इस पर डिवाईडर और लाईटें लगाई जाएंगी। काफी बेहत्तर कार्य हुआ है। देवी मंदिर रोड का टेंडर हो चुका है, पेवर ब्लाक का टेंडर हो चुका है,लेकिन शहर वासियों ने इसे सीसी बनाने की मांग की है।



पूंडरी। विधायक सतपाल जांबा स्वच्छता अभियान। फोटो : हरिभूमि



कैथल। पूर्व विधायक लीला राम स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते हुए।

हर गांव में लग रहे कैमरे

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पूंडरी, फतेहपुर में ही नहीं, बल्कि पूरे हलके में विकास कार्य तेज गति से करवाए जा रहे हैं। हलके की सड़कें चकाचक की जा रही है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का कार्य किया है और विकास की गति को बढ़ाया है। हर गांवों में कैमरे लगाए जा रहे हैं और फतेहपुर-पूंडरी में 7 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट कैमरे लगाने का निर्धारित है और यह मुख्यमंत्री घोषणा है। जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। इस स्वच्छता अभियान में शहरवासी और समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी: लीला राम

कैथल। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए अपने घर, आसपास और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लें। न गंदगी फैलाएं और न फैलाने दें तथा स्वच्छता के प्रति दूसरों को भी जागरूक करें। स्वच्छ शहर, स्वस्थ समाज और सुंदर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। पूर्व विधायक लीला राम सैक्टर 19, ऋषि नगर और सचिवालय रोड पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों संग झाड़ू से गंदगी की सफाई करने के दौरान अपना संदेश दे रहे थे। अभियान में पूर्व विधायक लीला राम गुर्जर के साथ भाजपा पार्षद रोहन मित्तल, नगर परिषद के सचिव मोहन लाल सहित सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने मौके पर सफाई कर्मचारियों का सम्मान भी किया। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता से लिया है और उन्होंने देशभर में यह अभियान शुरू किया गया है। भारत की पहचान दुनिया में सबसे अलग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से लगातार बिना थके 25 वर्ष से जनसेवा का कार्य करने में लगे हैं और भारत देश नई बुलंदियों को छू रहा है। प्रदेश में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है और महात्मा गांधी जयंती पर सफाई अभियान चलाया गया है। पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरंतर देश व प्रदेश में अनेक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर रहे हैं। सरकार और प्रशासन का यही लक्ष्य है कि हर वर्ग का कल्याण हो। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी लक्ष्य के दृष्टिगत सेवा सेतू शिविरों का आयोजन सभी खंडों में आयोजित किया जा रहा है, जहां नागरिक अपने नजदीकी क्षेत्र में पहुंचकर सरकारी योजनाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहा है।



कैथल। सत्याग्रह करते कांग्रेस कार्यकर्ता

कांग्रेस सेवा दल का प्रदेश स्तरीय सत्याग्रह

कैथल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर कांग्रेस सेवा दल ने हरियाणा शहीद स्मारक, कैथल में प्रदेश स्तरीय सत्याग्रह आयोजित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया में कथित वोट चोरी और इस धांधली में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की संलिप्तता का विरोध करना था। कार्यक्रम में कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान रघुपति राघव राजा राम का भजन गूंजता रहा, जिससे सत्याग्रह की गांधीवादी भावना और मजबूत हुई। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भावुक और तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आज जब हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मना रहे हैं, तो हमें सिर्फ उनकी मूर्तियों पर फूल चढ़ाकर संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। इस अवसर पर मंच पर जगत सिंह पूनिया, बलवंत कश्यप, कुलवंत नैन, पी एल भारद्वाज, जोरा सिंह सिनंद, कर्मबीर शर्मा खुराना, कविश मिड्ढा, रामनिवास मित्तल, कुलदीप चहल दिल्लोंवाली, सुरेंद्र रांझा, सुनील कुंडू, सुशीला शर्मा, रामफल नौच, प्रिज्ञा पाशा जैन, मुकेश राणा एडवोकेट, रोशन पाड़ला, सुरेश रोड, रामनिवास मेहरा आदि मौजूद रहे।



कलायत। एसडीएम अजय हुड्डा अनाज मंडी में धान खरीद का निरीक्षण करते हुए।

धान खरीद व्यवस्था को लेकर एसडीएम ने मंडी व राइस मिलों का किया निरीक्षण

कलायत। धान की सरकारी खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने और किसानों को मंडी में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए एसडीएम अजय हुड्डा ने नई अनाज मंडी तथा विभिन्न राइस मिलों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में धान की आवक, नमी जांच, बारदाने, तिरपाल, पेयजल व बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने किसानों, आढ़तियों, खरीद एजेंसियों और राइस मिलरों से बातचीत कर खरीद प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गेट पास कटने से लेकर खरीद और उठान तक की प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। मंडी से राइस मिलों तक धान का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि मंडी में जगह की कमी और जाम की स्थिति न बने। मंडी के बाद एसडीएम ने विभिन्न राइस मिलों का भी निरीक्षण कर फिजिकल वेरिफिकेशन की। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के अधिकारी, खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधि, राइस मिलर एसोसिएशन के सदस्य तथा स्थानीय आढ़ती मौजूद रहे।

सरकारी निर्देश के बावजूद कौल मंडी में शुरू नहीं हुई धान की खरीद

- धान की आवक बढ़ी तो मंडी में लग सकता है जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड



ढांढ। अनाज मंडी में सुखाने के लिए डाली गई धान की फसल।

अनाज मंडी कौल में धान की सरकारी खरीद व्यवस्था को लेकर किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ती जा रही है। सरकार की ओर से 29 सितंबर को धान खरीद शुरू करने के निर्देश दिए जाने के बावजूद कौल मंडी में अभी तक खरीद शुरू नहीं हुई है। मंडी परिसर में पहले से गेहूं के कट्टों का स्टॉक पड़ा होने के कारण धान डालने के लिए जगह नहीं के बराबर बची है। ऐसे में धान की आवक बढ़ने पर मंडी की व्यवस्था के चरमराने और जाम जैसी स्थिति पैदा होने की आशंका बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि मंडी में पहुंच रही सूखी धान सरकार द्वारा निर्धारित खरीद मानकों के अनुसार है। इसके बावजूद खरीद शुरू नहीं होने से किसान अपनी फसल मंडी में लेकर आने को लेकर असमंजस में हैं। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि 29 सितंबर के सरकारी निर्देशों को धरातल पर लागू करवाते हुए कौल मंडी में तत्काल धान खरीद शुरू करवाई जाए। मंडी की दूसरी बड़ी समस्या यह है कि गेहूं के कट्टों का स्टॉक अभी तक मंडी में पड़ा हुआ है। किसानों का कहना है कि जब धान की आवक तेजी से बढ़ेगी तो फसल डालने के लिए जगह उपलब्ध नहीं होगी। यदि गेहूं का उठान समय रहते नहीं करवाया गया तो किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें मंडी के बाहर तक पहुंच सकती हैं।



कलायत। गांव बाता में सिद्ध बाबा राजपुरी धार्मिक स्थल के मुख्य मार्ग पर जमा गंदा पानी।

मेले को लेकर व्यवस्था न होने से श्रद्धालुओं में रोष

कलायत। कलायत के गांव बाता में सिद्ध बाबा राजपुरी धार्मिक स्थल पर 11 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे तीन दिवसीय मेले को लेकर प्रशासन द्वारा व्यवस्था न करने से श्रद्धालुओं में रोष है। धार्मिक स्थल के सामने बुरी तरह से टूटी मुख्य सडक व इस पर जमा गंदे पानी से श्रद्धालु आहत हैं। युवा किसान नीटू राणा, ज्ञान सिंह राणा, सतीश शर्मा, मोहन सिंह व दूसरे ग्रामीणों ने बताया कि बाता गांव के साथ सिद्ध बाबा राजपुरी इतिहास का सदियों पुराना नाता है। यह स्थल सदियों से भारतीय संस्कृति व सभ्यता का संदेश देता आया है। देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति की झलक यहां लगने वाले मेले में देखी जा सकती है। मेले की मेजबानी साधु समाज की रहनुमाई में गांव की 36 बिरादरी द्वारा की जाती है। धार्मिक स्थल पर पूजा-अर्चना की परंपरा गौरवशाली रहती है। बावजूद इसके धार्मिक स्थल के मुख्य मार्ग व इसके आसपास के संपर्क मार्गों की स्थिति की सुध नहीं ली जा रही है। यह एक गंभीर विषय है। बुजुर्गों के अनुसार गांव 1130 ईसवी के आसपास अस्तित्व में आया। इस गांव का इतिहास मुख्य रूप से सिद्ध बाबा राजपुरी डेरा से जुड़ा है।

भाषण स्पर्धा में प्रीत कौर रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल व अन्य।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न राजकीय आईटीआई, स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महात्मा गांधी के जीवन, उनके विचारों, सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने गांधीजी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा देश के निर्माण में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रभावी ढंग से प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने अपने भाषण के माध्यम से सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को वर्तमान समय में अपनाने का संदेश दिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और प्रभावशाली प्रस्तुति से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में राजकीय आईटीआई कैथल की छात्रा प्रीत कौर प्रथम, प्रिया द्वितीय तथा कोमल तृतीय रही। प्रतियोगिता का मंच संचालन रणधीर ढांडा विद्युतकार अनुदेशक ने किया।

प्रतियोगिता के समापन पर विजेता विद्यार्थियों को जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने चेक देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर वार्ड एक से सफाई अभियान

कलायत। कलायत नगर पालिका वार्ड एक से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई। इसके तहत पालिका सफाई कर्मियों ने वार्ड में सफाई का कार्य किया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्षद कुमारी रेणू धानियां ने की। उनके साथ पूर्व पार्षद आर.एस धानियां, नगर पालिका सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा, सफाई कर्मचारी यूनियन नेता संजीव कुमार अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। रेणू धानियां ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जीवन नागरिकों को आदर्श सोच के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करता है। इसलिए बापू द्वारा स्वच्छता को लेकर दिया गया संदेश आज भी मार्ग दर्शक का काम कर रहा है। इसी तरह लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर किसान के साथ जवान में अपने कार्य के प्रति जज्बा पैदा करने का काम किया। इस प्रकार की महान विभूतियों की सोच को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जानी चाहिए।



कलायत। के वार्ड में स्वच्छता का संदेश देते नपा कर्मचारी व जन प्रतिनिधि

स्वच्छता व अहिंसा के आदर्शों पर चलकर मनाएंगे गांधी जयंती



राजौंद। गांव खेड़ी राओ वाली में 'मेरा युवा भारत' कैथल के जिला युवा अधिकारी मोहित नेहरा के निर्देशानुसार गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरप्रीत कौर ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। उन्होंने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश देकर पूरे विश्व को नई दिशा दिखाई। आज युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा और समाजहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन और देश के प्रति योगदान को भी याद किया।मुख्य अतिथि सरपंच सीमा रानी ने युवाओं से समाज सुधार में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी, आशा कार्यकर्ता अनीता रानी, डिपो होल्डर जसवंत सिंह सहित बलबीर कौर, रोशनी, मोनिका, गीता, ऊषा व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

राष्ट्रपिता की जयंती पर सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित हुई विशेष ग्राम सभा

कैथल। सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गई। इसके सफल आयोजन के लिए जिला के उच्चाधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई थी, जिनकी उपस्थिति में ग्राम सभाएं हुई। सेवा संकल्प अभियान 17 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन हुआ और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। ग्राम सभाओं में जन योजना अभियान, जन कल्याणकारी योजना की उपलब्धि ग्रामीणों के समक्ष रखी गई और गांव के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई और आवश्यक प्रस्ताव पारित किए गए। ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की गई। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पंचायत, सरपंच, सफाई मित्र, स्वयं सहायता समूह, युवा क्लब, पुस्तकालय अधिकारी, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित ग्राम पंचायत के प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाकर गांव में स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की गई।



कैथल। ग्राम सभा में भाग लेते पदाधिकारी

प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी में सप्लायर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। नशा सप्लायर आरोपी सीआईए गुहला पुलिस गिरफ्त में। फोटो :हरिभूमि

प्रतिबंधित नशीली गोलियां, नशीला घोल बरामदगी मामले में नशा सप्लाई करने वाले आरोपी को भी सीआईए गुहला पुलिस द्वारा काबू कर लिया गया। 6 अगस्त को तत्कालीन चौकी भागल पुलिस प्रभारी एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा रजबाहा पुल, भागल-बलबेहड़ा रोड के पास से आरोपी जसविंद्र निवासी वार्ड नंबर-11, गुहला को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से 17 खाली प्लास्टिक की छोटी शीशियां तथा एक प्लास्टिक की बोतल में रखा 581 ग्राम नशीला घोल मिला। इसके अलावा आरोपी की जेब से बुप्रेनोरफिन नामक 10 टेबलेट बरामद हुई थी। आरोपी जसविंद्र ने स्वीकार किया था कि वह प्रतिबंधित गोलियों को पशुओं की लिक्विड दवा में मिलाकर नशीला घोल तैयार करता है और इस घोल को छोटी-छोटी शीशियों में भरकर नशा करने वाले लोगों को लगभग 200 रुपये प्रति शीशी के हिसाब से बेचता है। आरोपी के खिलाफ थाना चीका में मामला दर्ज करके आगामी जांच सीआईए गुहला द्वारा अमल में लाई गई।

पेयजल योजनाओं के बेहतर संचालन में जनभागीदारी आवश्यक : दीपक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। गांव नानकपुरा में ग्रामीणों को जानकारी देते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने गुहला खंड की ग्राम पंचायत नानकपुरा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल अर्पण कार्यक्रम, पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव नीति-2026 तथा ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में गांव की सरपंच नरेंद्र कौर, ग्राम सचिव बंटी, पंच श्रवण कौर, पंच बंजिंदर कौर तथा सरपंच प्रतिनिधि रणजोत सिंह मौजूद रहे। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कैथल के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार एवं नोडल सामंजस्य अधिकारी दीपक कुमार ने ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर विभाग के बीआरसी रघबीर सिंह भी उपस्थित रहे।

जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि पेयजल योजना केवल सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधा नहीं है, बल्कि इसके सुरक्षित एवं सुचारू संचालन तथा रख-रखाव में ग्रामीणों की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। जल की प्रत्येक बूंद की सुरक्षा सामुदायिक सहभागिता से ही सुनिश्चित की जा सकती है।

आरकेएसडी कॉलेज में चलाया पौधरोपण अभियान

कैडेट्स व विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। पौधारोपण की शपथ लेते एनसीसी कैडेटस।

आरकेएसडी कॉलेज, कैथल में एनसीसी एवं एनएसएस इकाईयों के द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत पौधरोपण एवं 'नशा मुक्त अभियान' के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रबंधक समिति के प्रधान श्री अश्विनी शोरेवाला एवं प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने एन एस एस एवं एनसीसी इकाइयों के प्रयासों की सराहना की तथा कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को स्वस्थ, जिम्मेदार और नशा मुक्त समाज एवं हरित भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

सुबह के सत्र में एनसीसी इकाइयों द्वारा 10 हरियाणा बटालियन एनसीसी, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में चलाए जा रहे नशा विरोधी जागरूकता अभियान 'नशा मुक्त अभियान' के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान लगातार छठे वर्ष आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे एवं मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ ली। शपथ के माध्यम से विद्यार्थियों को जिम्मेदार निर्णय लेने, अपने साथियों में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

दोपहर के सत्र में एनसीसी एवं एनएसएस के विद्यार्थियों ने पौधारोपण अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा भावना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना था। पौधरोपण इस प्रकार की सेवा गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, यह पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ जोड़ता है।

ये रहे मौजूद

ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट डॉ. रघबीर लांबा एवं लेफ्टिनेंट डॉ. रितु कग, तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल जिंदल एवं डॉ. अनुकृति ने पौधारोपण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. विकास भारद्वाज, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. विशाल आनंद, डॉ. अशोक अत्री, डॉ. राजीव एवं सुश्री अनीता भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

दिल्ली में प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी निंदनीय : प्रेम

कैथल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के हरियाणा राज्य सचिव मण्डल ने दिल्ली में प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी तथा जंतर मंतर जाने से रोकने के लिए हिसार में डीवाईएफआई एवं एसएफआई के कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा डिटेन करने की कार्रवाई को घोर निंदनीय बताया। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने कहा कि छात्र - नौजवान बेहतर शिक्षा -रोजगार देने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा, एसआईआर को रद्द करने तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करने की मांग को लेकर दिल्ली के जंतर मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे।

आशा वर्कर्स यूनियन का पूंडरी सम्मेलन संपन्न

पूंडरी। आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की ओर से शुक्रवार को सीएचसी पूंडरी में जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन राज्य प्रधान रानी, जिला प्रधान सुषमा और जिला सचिव कविता की देखरेख में हुआ। इसमें 29 सदस्यीय कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। सुमन कश्यप नरड़ को 17 वोट से प्रधान चुना गया। प्रकाश फतहपुर को उपप्रधान, ममता सिरसल को सचिव, रीटा हाबड़ी और सुमन रमाना रमानी को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन में आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा की महासचिव सुनीता ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार लगातार आशा वर्कर्स पर काम का दबाव बढ़ा रही हैं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत वीर गाथा एवं सैनिक समारोह का आयोजन

शहीदों को श्रद्धांजलि देकर वीरांगनाओं को दिया सम्मान, त्याग को किया नमन

सैनिकों के त्याग और शौर्य को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। कार्यक्रम में शहीदों की वीरांगानाओं को सम्मानित करते हुए।

गत 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड द्वारा स्थानीय डीआरडीए सभागार में वीर गाथा एवं सैनिक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में सेवा संकल्प अभियान के जिला संयोजक रामफल शर्मा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर जिले के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं को सम्मानित कर उनके त्याग, साहस और देश के प्रति समर्पण को नमन किया।

इस अवसर पर बीजेपी की महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष योगिता भारद्वाज, अधीक्षक रणजीत सिंह वेलफेयर ऑर्गेनाइजर तरसेम नैन, जितेन्द्र सिंह, मंजीत सिंह, पवन कुमार, मंजीत सांगवान समेत जिले के शहीद सैनिकों की वीरांगनाएं उपस्थित रहीं। मुख्यअतिथि रामफल शर्मा ने कहा कि शहीद हमारे देश के गौरव और प्रेरणा के प्रतीक हैं। देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देश की मजबूती उसकी सेना और सैनिकों के मनोबल से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय सैनिक विपरीत परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा और बहादुरी के साथ करते हैं। बर्फीले पहाड़ों से लेकर रेगिस्तान और समुद्री सीमाओं तक हमारे जवान देश की सुरक्षा के लिए दिन-रात डटे रहते हैं। सैनिकों के इसी त्याग और समर्पण के कारण देशवासी सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर पा रहे हैं। रामफल शर्मा ने कहा कि सरकार सैनिकों और सैनिक परिवारों के विश्वास के साथ मजबूती से खड़ी है। केंद्र सरकार द्वारा पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों तथा सेवारत सैनिकों के कल्याण और सम्मान के लिए विभिन्न योजनाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सैनिकों एवं उनके आश्रितों को स्वास्थ्य सुविधाएं, पेंशन, शिक्षा, रोजगार तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सैनिकों के मान व सम्मान और उनके परिवारों के कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है। शहीदों की वीरांगनाओं और उनके परिवारों का सम्मान करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों को यह महसूस होना चाहिए कि राष्ट्र उनके साथ खड़ा है और उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को किया मजबूत

जिला संयोजक ने देश की सुरक्षा व्यवस्था और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों के निरंतर प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने से आम नागरिकों में विश्वास बढ़ा है तथा क्षेत्र में शांति और विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले जिन क्षेत्रों में पत्थरबाजी और असामाजिक गतिविधियां चुनौती बनी हुई थी, वहां सुरक्षा बलों के प्रभावी प्रयासों से ऐसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगी है। देश की सीमाओं और आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सेना तथा अन्य सुरक्षा बल निरंतर सजगता के साथ कार्य कर रहे हैं।

मेरा बेटा भी सैनिक, देश की कर रहा रक्षा

कार्यक्रम के दौरान बीजेपी महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष योगिता भारद्वाज ने जिले के शहीद सैनिकों की वीरांगनाओं और सैनिक परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि शहीद सैनिकों के बलिदान में उनके परिवारों का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक सैनिक जब देश की रक्षा के लिए अपने कर्तव्य पर तैनात होता है तो उसके परिवार के सदस्य भी त्याग और धैर्य के साथ उसका साथ निभाते हैं। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैं भी एक सैनिक की मां हूं, मेरे पास भी एक ही बेटा है और वह भी सैनिक है। इसलिए मैं आपका धैर्य और एहसास को अनुभव कर सकती हूं। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीदों की वीर गाथाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन, सेवा और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना से प्रेरित करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना आवश्यक है।



राजौंद। रोहेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को स्वास्थ्य एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मचारी।

स्वास्थ्य शिविर में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव रोहेड़ा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने ग्रामीणों को 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के प्रति जागरूक करते हुए घटते लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त की। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि भ्रूण के लिंग की जांच करवाना कानूनन अपराध है। उन्होंने ग्रामीणों से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच रखने तथा उन्हें शिक्षा के समान अवसर देने का आह्वान किया। शिविर में मलेरिया और डेंगू से बचाव के संबंध में भी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने कहा कि बुखार आने पर इसे सामान्य न समझें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर मलेरिया व डेंगू की जांच करवाएं। ग्रामीणों को झोलाछाप चिकित्सकों से उपचार लेने से बचने और बीमारी की स्थिति में स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. संदीप, एसएमओ, डॉ. अंकित और स्वास्थ्य निरीक्षक कुलदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मचारी धर्मेंद्र, एमपीएचडब्ल्यू, आशा कार्यकर्ता तथा अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सोंगरी स्टेडियम में हुई मैराथन दौड़



कैथल। जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को सोंगरी स्टेडियम में मैराथन दौड़, क्रिकेट मैच और मुक्केबाजी मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने तथा नशे से दूर रहकर सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश देना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच सुरेश कुमार ने शिरकत की। इस अवसर पर कबड्डी कोच राजेश, डीपी रोहताश, बॉक्सिंग कोच कुमारी आशु, कबड्डी कोच रितु रानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सरपंच सुरेश कुमार व उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आशीर्वाद देते हुए खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत 48 लोगों ने किया रक्तदान



नरवाना। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयुष विभाग जिला जींद द्वारा निरंतर विभिन्न स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आयुष ग्राम सुलेहड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 48 यूनिट रक्तदान किया जिन्हें प्रशस्ति पत्र, कप सेट व मास्क देकर प्रोत्साहित किया गया। शिविर के संयोजक जिला योग कोऑर्डिनेटर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश कुमार ने बताया कि जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अमित रोहिला के निर्देशन में आयुष ग्राम सुलेहड़ा में प्रत्येक माह स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनहित से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसी क्रम में इस बार रक्तदान शिविर लगाया गया।



'रन फॉर डीएवी और रन फॉर फन' का किया आयोजन

कैथल। महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के पावन अवसर पर डीएवी प्रबंधकर्त्री समिति,नई दिल्ली के तत्त्वावधान में आज राष्ट्रीय स्तर पर 'रन फॉर डीएवी एवं रन फॉर फन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल्स, कैथल जोन की पूर्व क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह आयोजन अंजु तलवाड़,क्लस्टर प्रभारी खेल (क्लस्टर-III) एवं प्रधानाचार्या, ओ. एस. डीएवी पब्लिक स्कूल,कैथल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, कैथल की प्रधानाचार्या अंजु गंभीर,डीएवी पब्लिक स्कूल,सीवन; के प्रधानाचार्य रुपिंदर वालिया एवं डीएवी पब्लिक स्कूल, पूण्डरी के टीचर इंचार्ज सुशील कुमार के नेतृत्व में किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल के इन चार विद्यालयों के नौ सौ विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।

रक्तदान महादान, सभी आगे आएं : सुरभि

■ जाट कॉलेज में रक्तदान शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग रक्तदाताओं को बैज लगाते हुए।

महिला समाज सुधार समिति, कैथल द्वारा शुक्रवार को जाट कॉलेज, कैथल में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान के प्रति लोगों ने उत्साह दिखाया। इस रक्तदान शिविर में नगर परिषद के चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं को जागरूक किया। चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला में 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। खंड स्तर पर सेवा सेतु अभियान के तहत सरकारी योजनाओं का लाभ उनके क्षेत्र के नजदीक प्रदान करने के लिए शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं । 7 अक्टूबर को सेवा ज्योति यात्रा निकल जाएगी ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी निरंतर देश व प्रदेश मेंअनेक योजनाएं कल्याण करके पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। समिति ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि रक्तदान महादान है।

खबर संक्षेप



स्वस्थ व्यक्ति करें रक्तदान : डॉ. राधिका

ढांड। बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय, कौल में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन तथा प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के निर्देशन में आयोजित शिविर की अध्यक्षता कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कुसुम ने की। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण और गांधीवादी विचारधारा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी द्वारा आयोजित अभिमुखीकरण कार्यक्रम से हुआ। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. कुसुम ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों से परिचित करवाया। शिविर के सफल आयोजन में एनएसएस सलाहकार मंडल के सदस्य डॉ. संदीप कुमार, डॉ. पुष्पा, डॉ. विश्वंभर दास, डॉ. राधिका खन्ना और डॉ. सोनिया रानी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं सहयोग रहा।

गेहूं के एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी किसानों से भद्दा मजाक : दुष्यंत चौटाला



उचाना। पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं जजपा के वरिष्ठ नेता दुष्यंत चौटाला ने गेहूं के एमएसपी में मामूली बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डीजल, खाद और बीज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, जबकि गेहूं के भाव में की गई बढ़ोतरी किसानों की बढ़ती लागत के मुकाबले पर्याप्त नहीं है। दुष्यंत चौटाला हलके के गांव करसिंधु, गुरुकुल खेड़ा और बधाना में कार्यकर्ताओं के यहां पहुंचे। गुरुकुल खेड़ा में उन्होंने महेंद्र खटकड़ के निवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और क्षेत्र के लोगों से संवाद किया।

राजौंद की सड़क का निर्माण कार्य शुरू



राजौंद। शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। लंबे समय से सड़क की खराब हालत के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और खराब सतह के कारण आवागमन में दिक्कत होती थी। दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को विशेष परेशानी उठानी पड़ती थी। अब निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगों को इन समस्याओं से जल्द निजात मिलने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि सड़क निर्माण के साथ डिवाइडर का निर्माण भी किया जाएगा। इसके अलावा सड़क पर लाइटें लगाने की योजना है। इससे रात के समय राहगीरों और वाहन चालकों को सुविधा मिलेगी तथा सड़क का स्वरूप भी बेहतर होगा।

सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खोला मोर्चा



जींद। जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने की। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिला अध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने कार्यकर्ताओं से खंड स्तरीय होने जा रहे सम्मेलनों को अधिक से अधिक सफल बनाने के लिए पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया। रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि कांग्रेस का संगठन तभी मजबूत होगा, जब कार्यकर्ता जनता के बीच लगातार सक्रिय रहेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तथा गली-गली तक लेकर जाएं। सरकार की जनविरोधी नीतियों, एसआईआर और वोट चोरी जैसे मुद्दों के खिलाफ जनता को जागरूक करने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को मजबूती से उठाया जाए। उन्होंने कहा कि आज आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। इस अवसर पर जेपी रूहिल, इशाक खान भट्टी, राममज लोधर, महावीर गुप्ता, जगबीर ढिगाना, पवन दुहन, वजीर गंगोली, राजू लखीना, विक्रम कुंडू आदि मौजूद रहे।

हैंडबॉल में आर्यवर्त ने जीता कांस्य पदक

■ 59वीं हरियाणा स्टेट स्कूल गेम्स में शानदार प्रदर्शन, मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



पदक के साथ विजेता छात्र आर्यवर्त।

मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्र आर्यवर्त पुत्र दलवीर चहल ने अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 59वीं हरियाणा राज्य विद्यालय खेल प्रतियोगिता की हैंडबाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। हिसार में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच आर्यवर्त ने गतिए फूर्ती, सटीक पासिंग और गोल करने की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। राज्य स्तर पर पदक हासिल करना आर्यवर्त की मेहनत, अभ्यास और समर्पण का परिणाम है।

पदक जीतना विद्यालय के लिए गर्व का विषय

विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जाता है। विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा निखारने के लिए आवश्यक अवसर और मंच उपलब्ध कराया जाता है। आर्यवर्त की उपलब्धि इसी प्रयास का एक उदाहरण है। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार ने आर्यवर्त को उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता के साथ अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास, धैर्य और टीम भावना विकसित करते हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतना विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के पीछे आर्यवर्त की मेहनत के साथ उसके अभिभावकों और प्रशिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने भी आर्यवर्त को शुभकामनाएं दीं।

छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

पूंडरी। डी.ए.वी. कॉलेज, पूण्डरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर "सेवा संकल्प अभियान" के अन्तर्गत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती विधायक सतपाल जाम्बा ने पुष्प अर्पित करके मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के द्वारा की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कॉलेज परिसर एवं आस पास के क्षेत्र में विभिन्न सेवा एवं जागरूकता गतिवधियों का आयोजन दूसरे एक दिवसीय कैम्प के माध्यम से किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सतपाल जाम्बा ने गांव फतेहपुर से स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। विधायक सतपाल जाम्बा ने सभी छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जयपाल शर्मा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. विश्वजीत सिंह आदि मौजूद रहे। इस दौरान खेल स्टेडियम पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

किसान नेताओं ने मंडी का दौरा कर एमएसपी पर बिकवाई फसल

कैथल। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड व प्रदेश महासचिव भूरा राम पबनावा ने अपने साथियों के साथ ढांड अनाज मंडी का दौरा किया। दौरे के दौरान किसानों ने बताया कि कई दिनों से खरीद शुरू नहीं हुई थी और उनकी धान की ढेरियां मंडी में पड़ी खराब हो रही थीं। इस पर राजीव आर्य ढांड ने तुरंत मार्केट कमेटी के सचिव लव गुप्ता से बात की और उनके अधिकारियों व डीएफएससी के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर खरीद शुरू करवाई। भाकियू टीम के प्रयास से 17 प्रतिशत नमी वाली धान की ढेरी को एमएसपी रेट पर बिकवाया गया, जिससे किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई। किसानों ने भाकियू का धन्यवाद किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

चमक या हॉलमार्क जैसे निशानों के आधार पर बिना जांच के न खरीदें आभूषण : एसपी

त्योहारी सीजन में नकली सोने के आभूषणों से रहें सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ती भीड़ और सोने व चांदी के आभूषणों की खरीद-फरोख्त को देखते हुए जींद पुलिस द्वारा सर्राफा कारोबारियों, दुकानदारों एवं आमजन को नकली सोने के आभूषणों के नाम पर होने वाली संभावित धोखाधड़ी से बचने के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने आमजन एवं व्यापारियों से अपील की है कि त्योहारों के दौरान खरीद व बिक्री करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतें और किसी भी व्यक्ति की बातों, आभूषणों की चमक अथवा हॉलमार्क जैसे निशान देखकर बिना उचित जांच के विश्वास न करें। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि कुछ मामलों में तांबे, पीतल अथवा अन्य धातुओं से बने आभूषणों पर सोने जैसी परत चढ़ा कर उन्हें असली सोने के आभूषणों के रूप में पेश किया जा सकता है। इसी प्रकार आभूषणों पर नकली हॉलमार्क या पहचान चिह्न होने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में बिना उचित जांच के आभूषण खरीदना आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है।

आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें



पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान अपनी मेहनत की कमाई और कारोबार की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। आभूषणों की चमक या हॉलमार्क जैसे निशानों के आधार पर बिना जांच के भरोसा न करें। सभी सर्राफा कारोबारी सतर्क रहें, अपनी दुकानों में सीसीटीवी व्यवस्था दुरुस्त रखें और किसी भी संदिग्ध लेन-देन की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आमजन एवं व्यापारियों का सहयोग ऐसे अपराधों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। किसी भी आपात स्थिति में डायल 112 पर संपर्क करें।

सर्राफा कारोबारियों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश

1. आभूषणों की जांच अनिवार्य करें, किसी अनजान व्यक्ति से सोने के आभूषण खरीदने से पहले उनकी शुद्धता की उचित जांच करवाएं। संदेह होने पर जांच केंद्र की सहायता लें।
2. हॉलमार्क एवं एचयूआईडी सत्यापित करें, केवल हॉलमार्क जैसे निशान देख कर आभूषण को असली न मानें। उपलब्ध आधिकारिक माध्यमों से उसकी प्रामाणिकता की जांच करें।
3. जल्दबाजी में सौदा न करें, कोई व्यक्ति असामान्य रूप से कम कीमत पर सोना बेचने या बिना जांच के तुरंत भुगतान करने का दबाव बनाए तो विशेष सावधानी बरतें।
4. सीसीटीवी कैमरे चालू रखें, दुकान के प्रवेश द्वार, काउंटर एवं लेन-देन वाले स्थान पर स्पष्ट रिकॉर्डिंग की व्यवस्था रखें। कैमरों की तारीख और समय सही रखें तथा रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखें।
5. लेन-देन का रिकॉर्ड सुरक्षित रखें,नियमानुसार बिल, आईडी, भुगतान का विवरण तथा उपलब्ध विक्रेता संबंधी जानकारी दर्ज करें। संदिग्ध लेन-देन के साक्ष्य सुरक्षित रखें।
6. संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंरू यदि कोई व्यक्ति बातचीत में उलझा कर, बार-बार आभूषण बदल कर या अनावश्यक जल्दबाजी पैदा करके जांच से बचने का प्रयास करें तो लेन-देन रोककर सावधानीपूर्वक जांच करें।
7. कानून अपने हाथ में न लें, ठगी का संदेह होने पर संबंधित व्यक्ति से अनावश्यक विवाद करने के बजाय पुलिस को सूचना दें और उपलब्ध साक्ष्य सुरक्षित रखें।
8. सोने के आभूषण हमेशा विश्वसनीय विक्रेता से खरीदें तथा पक्का बिल अवश्य लें।
9. हॉलमार्क और एचयूआईडी की प्रामाणिकता आधिकारिक माध्यमों से जांचें।
10. किसी अनजान व्यक्ति से असामान्य रूप से कम कीमत पर सोना खरीदने के लालच में न आएं।
11. आभूषण बेचने या बदलने से पहले उसकी शुद्धता एवं उचित कीमत की पुष्टि करें।
12. किसी भी संदिग्ध व्यक्तिए धोखाधड़ी के प्रयास या आपराधिक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।